**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2937**

**12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

# छत्तीसगढ़ में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत लाभार्थी

**2937. श्री विजय बघेलः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दस महीनों के दौरान छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या जिला-वार, विशेषकर दुर्ग और बेमेतरा जिले में कितनी है और कितने आवासों को स्वीकृत तथा पूर्ण किया गया है; और

(ख) स्वीकृत आवासों का कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ख) ' भूमि' और 'कालोनीकरण' राज्य के विषय हैं। इसलिए, अपने नागरिकों के लिए आवास से संबंधित योजनाओं को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। हालांकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, देश भर में सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं के साथ पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए दिनांक 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता कर रहा है।

पीएमएवाई-यू में मांग आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया है और इसमें कोई निश्चित लक्ष्य नहीं हैं। लाभार्थियों की मांग और चयन के आधार पर, परियोजना प्रस्ताव तैयार और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय स्वीकृति और निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं, ताकि केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति (सीएसएमसी) द्वारा केंद्रीय सहायता जारी करने पर आगे विचार किया जा सके। छत्तीसगढ़ राज्य में पीएमएवाई-यू के तहत प्रारंभ से अब तक कुल 3.03 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं, कुल स्वीकृत आवासों में से 2.85 लाख आवासों का निर्माण शुरू हो चुका है, जिनमें से 2.46 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं/लाभार्थियों को सौंप दिए गए हैं और शेष आवास निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। दुर्ग और बेमेतरा जिलों सहित छत्तीसगढ़ राज्य में स्वीकृत और पूर्ण हो चुके आवासों का जिला-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

परियोजनाओं के पूर्ण होने की समय सीमा राज्य दर राज्य अलग-अलग है और आमतौर पर योजना के विभिन्न घटकों और विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के अनुसार इसमें 12 से 36 महीने लगते हैं। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को विस्तारित मिशन अवधि के भीतर स्वीकृत आवासों के निर्माण में तेजी लाने की सलाह दी गई है। इस योजना के क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम (सीएलएसएस) को छोड़कर इसे 31.12.2024 तक बढ़ा दिया गया है, ताकि फंडिंग पैटर्न और कार्यान्वयन कार्यप्रणाली में बदलाव किए बिना सभी स्वीकृत आवासों को पूर्ण किया जा सके।

पीएमएवाई-यू के अनुभवों से मिली सीख के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने दिनांक 01.09.2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सबके लिए आवास' मिशन प्रारंभ किया है, जिसका उद्देश्य देश भर के शहरी क्षेत्रों में चार घटकों अर्थात लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराया आवास (एआरएच) और ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) के माध्यम से एक करोड़ परिवारों को किफायती लागत पर आवास बनाने, खरीदने और किराए पर लेने में सहायता प्रदान करना है। अब तक, छत्तीसगढ़ सहित 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने https://pmay-urban.gov.in/uploads/guidelines/Operational-Guidelines-of-PMAY-U-2.pdf पर उपलब्ध योजना दिशानिर्देशों के अनुसार पीएमएवाई-यू 2.0 को कार्यान्वित करने के लिए सहमति ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

*****

**दिनांक 12-12-2024 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2937 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**पीएमएवाई-यू के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभ से लेकर पिछले 10 महीनों के दौरान स्वीकृत और पूर्ण/लाभार्थियों को सौंपे गए आवासों का जिला-वार विवरण**

| क्र.सं. | जिले का नाम | शुरूआत से स्वीकृत आवासों की संख्या | पूर्ण हो चुके/सौंपे जा चुके आवासों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | शुरूआत | पिछले 10 महीनों के दौरान |
| 1 | बालोद | 6,523 | 5,595 | 826 |
| 2 | बलौदाबाजार-भाटापारा | 6,184 | 5,479 | 937 |
| 3 | बलरामपुर रामानुजगंज | 2,906 | 2,306 | 339 |
| 4 | बस्तर | 3,818 | 2,965 | 407 |
| 5 | बेमेतरा | 9,655 | 8,276 | 1647 |
| 6 | बीजापुर | 899 | 743 | 73 |
| 7 | बिलासपुर | 30,599 | 21,639 | 3292 |
| 8 | दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा | 2,559 | 1,644 | 200 |
| 9 | धमतरी | 11,247 | 9,028 | 1893 |
| 10 | दुर्ग | 41,715 | 34,339 | 4904 |
| 11 | गरियाबंद | 3,585 | 3,216 | 430 |
| 12 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 2,649 | 2,138 | 327 |
| 13 | जांजगीर-चंपा | 9,746 | 8,141 | 1827 |
| 14 | जशपुर | 5,630 | 3,679 | 901 |
| 15 | कबीरधाम | 9,351 | 7,266 | 1539 |
| 16 | खैरागढ़ छुईखदान गंडई | 5,872 | 4,618 | 1119 |
| 17 | कोंडागांव | 4,077 | 3,082 | 523 |
| 18 | कोरबा | 10,079 | 8,265 | 888 |
| 19 | कोरिया | 1,915 | 1,573 | 194 |
| 20 | महासमुंद | 6,618 | 5,263 | 863 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर | 725 | 570 | 71 |
| 22 | मोहला मनपुर अंबागढ़ चौकी | 953 | 813 | 141 |
| 23 | मुंगेली | 5,028 | 3,756 | 1220 |
| 24 | नारायणपुर | 860 | 776 | 132 |
| 25 | रायगढ़ | 12,652 | 10,825 | 1523 |
| 26 | रायपुर | 59,099 | 52,771 | 4879 |
| 27 | राजनंदगांव | 17,880 | 14,579 | 2241 |
| 28 | शक्ति | 5,631 | 4,942 | 1311 |
| 29 | सारनगढ़ बिलाईगढ़ | 4,958 | 4,196 | 697 |
| 30 | सुकमा | 2,063 | 1,549 | 230 |
| ३१ | सूरजपुर | 3,692 | 2,313 | 676 |
| 32 | सरगुजा | 9,391 | 6,774 | 1319 |
| 33 | उत्तर बस्तर कांकेर | 4,104 | 3,233 | 396 |
| कुल | | 3,02,663 | 2,46,352 | 37,965 |

नोट: पहले से स्वीकृत आवासों को पूर्ण करने के लिए पीएमएवाई-शहरी विस्तार चरण में है और पिछले 10 महीनों के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में कोई नया आवास स्वीकृत नहीं किया गया है।